स्पाइसेस बोर्ड

**(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)**

**सुगंध भवन, पालारिवट्टम**

**कोच्ची - 682 025**

**केरल**

***सं:विपणन/म.पा./रायबरेली/0010/एलओकैंटीन/2019-20/222*** ***15.05.2024***

**स्पाइसेस पार्क रायबरेली, उत्तर प्रदेश में कैंटीन भवन (भूतल) को पट्टे पर देने के लिए बोलियों का आमंत्रण**

स्पाइसेस बोर्ड, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार ने उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले के दतौली गाँव में एक मसाला पार्क स्थापित किया है। स्पाइसेस बोर्ड ने निम्नलिखित निबंधन व शर्तों के अनुसार बिजली, पानी और शौचालय (भूतल) जैसी बुनियादी सुविधाओं के साथ 800 वर्ग फुट क्षेत्रफल वाले कैंटीन भवन किराए पर देने का प्रस्ताव करता है।

**कैंटीन भवन किराए पर लेने के लिए निबंधन व शर्तें:**

1. सुविधा " जैसा है जहाँ है " स्थिति में किराए पर दी जाएगी।
2. कैंटीन को सौंपने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए किराए पर दिया जाएगा।
3. किराया प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत की दर से बढ़ाया जाएगा।
4. स्पाइसेस बोर्ड समानुपात आधार पर भुगतान करने पर पानी और बिजली की सुविधा उपलब्ध कराएगा।
5. सुविधाएँ उस पार्टी को किराए पर दिया जाएगा जिसने प्रति माह उच्चतम किराए की बोली लगाई है और साथ ही बोर्ड के अन्य निबंधन व शर्तों को पूरा करेगे।
6. उच्चतम बोलीदाता बोर्ड से प्रस्ताव पत्र प्राप्त होने के 15 दिनों के भीतर बोर्ड के साथ एक करार निष्पादित करेगा।
7. उच्चतम बोली लगाने वाले को प्रस्ताव पत्र प्राप्त होने के बाद, बोर्ड के प्राप्ति खाते में ऑनलाइन बैंक अंतरण के माध्यम से तीन महीने के किराए के समतुल्य ब्याज मुक्त प्रतिभूति जमा और बिजली किराया आदि के किसी अप्रदत्त भुगतान की गारंटी के लिए 50,000/- रुपये की जमानत राशि का भुगतान करना होगा ।
8. उच्चतम बोलीदाता करार की तारीख से 15 दिनों के भीतर और प्रतिभूति जमा के भुगतान के बाद कैंटीन का कब्जा लेगा। यदि करार की तिथि से 15 दिनों के भीतर कब्जा नहीं लिया जाता है, तो इसे निविदा शर्तों का उल्लंघन माना जाएगा और बोर्ड को अन्य पात्र फर्म/एजेंसी को सुविधाएं पट्टे पर देने का अधिकार है।
9. बोली लगाने वाले को भवन का अधिग्रहण करने के बाद लेकिन जलपान/भोजन/चाय/कॉफी आदि की आपूर्ति करने वाली कैंटीन की सेवा शुरू होने से पहले कैंटीन चलाने के लिए एफएसएसएआई अनुज्ञप्ति लेना होगा।

10. स्पाइसेस बोर्ड को 18 प्रतिशत जीएसटी के साथ मासिक किराए का भुगतान हर उत्तरवर्ती महीने की पाँच तारीख को या उससे पहले किया जाएगा।
11. सुविधाएँ किसी अन्य फर्म को उप-पट्टे पर नहीं दी जाएँगी।
12. परिसर का उपयोग केवल कैंटीन के रूप में किया जाना चाहिए और इसका उपयोग अन्य व्यावसायिक गतिविधियों या निवास के रूप में नहीं किया जाना चाहिए।
13. बोर्ड के पास बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार/रद्द करने का अधिकार है।
14. इच्छुक व्यक्ति/फर्म सोमवार से शुक्रवार सुबह 9.00 बजे से शाम 5.30 बजे तक कैंटीन भवन(भूतल) का दौरा कर सकते हैं। दौरे से वे पहले स्पाइसेस पार्क के प्रभारी अधिकारी से निम्नलिखित पते पर संपर्क कर सकते हैं।

    प्रभारी अधिकारी,
    मसाला पार्क, दतौली ग्राम
    हरचंदपुर पी.ओ., रायबरेली,
    उत्तर प्रदेश-229303
    मोबाइल.:9450159231
    ईमेल:spicesboardrblv@gmail.com

15. यदि लगातार तीन महीने से अधिक समय तक सुविधाओं का उपयोग नहीं किया जाता है या मासिक किराए का समय पर भुगतान नहीं किया जाता है, तो बोर्ड पट्टे को समाप्त कर देगा।
16. बोलियाँ संलग्नक-1 में दिए गए प्रारूप में प्रस्तुत की जाएँगी।
17. बोली प्रस्तुत करने के लिए ईएमडी लागू नहीं है। हालाँकि, बोली लगाने वालों को संलग्नक- II में दिए गए अनुसार निर्धारित बोली सुरक्षा घोषणा प्रस्तुत करनी होगी।

बोली, एक सीलबंद लिफाफे में भेजना चाहिए जिसके ऊपर "मसाला पार्क, रायबरेली में कैंटीन भवन का किराए पर देने हेतु बोली" लिखकर "प्रभारी अधिकारी, मसाला पार्क, दतौली ग्राम हरचंदपुर पी.ओ.रायबरेली, उत्तर प्रदेश-229303" पते पर 17.06.2024 को दोपहर 2.00 बजे या उससे पहले भेजी जाएगी ।

बोलियां दिनांक 17.06.2024 को दोपहर 2.30 बजे बोलीदाताओं की उपस्थिति, यदि कोई हो, में खोली जाएँगी ।

स्थान : कोच्ची
तारीख : 15.05.2024

ह.
निदेशक (विपणन)

**संलग्नक-1**

**स्पाइसेस पार्क, रायबरेली में कैंटीन पट्टे पर देने के लिए बोली प्रस्तुत करने का प्रारूप**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | व्यक्ति/फर्म का नाम | |
| 2 | आवेदक का पता के साथ मोबाइल संख्या और<br>ई-मेल आईडी | |

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| 3 | संपर्क व्यक्ति का विवरण, मोबाइल संख्या और ई-मेल आईडी | |
| 4 | कैंटीन चलाने में पूर्ववर्ती अनुभव | |
| 5 | जीएसटी पंजीकरण, पैन कार्ड का विवरण (कृपया प्रमाण संलग्न करें) | |
| 6 | उद्धृत मासिक किराया | उद्धृत आधार राशि: ......./- रु<br>18 प्रकतिशत पर जीएसटी ........./- रु<br>कुल मासिक राशि ........./ रु |

**स्थान:**

**तारीख:**

(हस्ताक्षर)

व्यक्ति का नाम:

पद

(मोहर)

**Annex - 2**

**(In the letterhead of the firm)**

**Bid-Security Declaration**

The Director (Mktg)
Spices Board, Sugandha
Bhavan, N.H. By Pass,
Palarivattom, Cochin,
Kerala - 682025

Reference:
Tender Notice for ____________________________ of Spices Board.
Our Bid for the facility ___________________________at Spices Park ...........
Dated.........

I/We,.................................... irrevocably declare as under:

I/We understand that, as per Clause of Tender, we are attaching a Bid Security Declaration in lieu of Earnest Money Deposit (EMD)

I/We hereby accept that I/We may be disqualified from bidding for any contract with you for a period of one year from the date of disqualification as may be notified by you (without prejudice to Spices Board's rights to claim damages or any other legal recourse) if,

1) I am /We are in a breach of any of the obligations under the bid conditions,
2) I/We have withdrawn or unilaterally modified/amended/revised, my/our Bid during the bid validity period specified in the form of Bid or extended period, if any.
3) On acceptance of our bid by Spices Board, I/we failed to deposit the prescribed Security Deposit or fails to execute the agreement or fails to commence the execution of the work in accordance with the terms and conditions and within the specified time.

Signature:

Name & designation of the authorized person
signing the Bid-Securing Declaration

Dated on ____________ day of ________________ month, _______ year.